के आधार पर खोला जा सकता है । और इस प्रकार इस हालत में इन स्थानों पर सार्वजनिक टेलीफोन घर खोलने की कोई समय सीमा नहीं बतलाई जा सकती ।

आलू की नई किस्म

2714. **श्री कृष्ण दत्त सुल्तानपुरी :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला ने हिमाचल प्रदेश के लिए आलू की नई किस्म विकसित की है और उसका प्रचार किया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस संस्थान द्वारा इस बीज की कितने हैक्टेयर क्षेत्र में बुआई की सिफारिश की गई है ?

कृषि और ग्रामीण पुनर्निर्माण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर० वी० स्वामीनाथन) : (क) केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला ने 'कुफरी बादशाह' नाम की एक नई किस्म विकसित की है जो मौलिक रूप से मैदानों के लिए जारी की गई है परन्तु हिमाचल प्रदेश में भी इसने पर्याप्त रूप से सफलता पाई है ।

(ख) 'कुफरी बादशाह' में मैदानों में 200 क्विंटल प्रति हैक्टर और पहाड़ियों में 150 क्विंटल प्रति हैक्टर

की उपज संभावना है । इसके कन्द मध्य आकार के तथा अण्डाकार और सफेद रंग के होते हैं । यह पछेती मुर्झान रोग रोधी और पाले को सह सकती है । पहाड़ियों में इस किस्म की खेती रोग मुक्त बीज की आपूर्ति को सुनिश्चित करती है ।

(ग) इस संस्थान ने इस किस्म के अन्तर्गत पहाड़ियों में या मैदानों में बोने के लिए किसी क्षेत्रफल की सिफारिश नहीं की है ।

Wheat supplied to west Bengal in 1980

2715. SHRI AJIT KUMAR SAHA: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) the quantity of wheat supplied to West Bengal Government from Central pool during the last one year; and

(b) the demand of West Bengal Government?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND RURAL RECONSTRUCTION (SHRI R. V. SWAMINATHAN): (a) and (b). The following quantities of wheat were demanded and supplied from the Central Pool to West Bengal Government during 1980:—

('000 tonnes)

Demand	*Supply*
3397	1127.5